सुविचार भावनाओं को समझने वाला अनपढ व्यक्ति दुनिया का सबसे ज्ञानी व्यक्ति होता है l

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -३ अंक -७७ सोमवार –२६/१०/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

सम्पादकीय

अरूणाचल मे आमने सामने भारत -चीन सैनाएं

भारत–चीन के रिश्तों में सुधार की कोशिशों के बीच अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के आमने–सामने आने की जानकारी सामने आई है।

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के बयान से सीमा पर तनाव की स्थिति उजागर हुई है। ऐसे घटनाक्रम कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं।

भारत और चीन के रिश्तों में हाल में सुधार के कई संकेत दिए गए, लेकिन अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की सेनाओं का कुछ मौकों पर आमने–सामने आना इन प्रयासों पर सवाल खड़े करता है।

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने एक कार्यक्रम में बताया कि यह स्थिति अब भी कायम है।

अरुणाचल के संदर्भ में पहली बार सार्वजनिक रूप से यह जानकारी सामने आई है।

सुलह के प्रयास – अरुणाचल प्रदेश पर चीन का एकतरफा दावा पुराना है। वह अपनी तरफ से इलाकों के नाम बदलने की चाल भी चलता रहता है। लेकिन, इस साल जुलाई में ऐसी खबरें आई थीं कि राज्य के ऊपरी सुबनसिरी जिले के ताक्सिंग क्षेत्र में भारतीय और चीनी सेनाएं आमने–सामने आ गई हैं। हालांकि तब इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। अगस्त में अजीत डोभाल सीमा विवाद को लेकर होने वाली बातचीत में हिस्सा लेने के लिए चीन गए, जबकि सितंबर में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया। भरोसे की कमी – जून 2020 में गलवान की झड़प के बाद दोनों देशों में जो दूरी आई थी, वह हालिया संवादों से थोड़ी कम हुई है। लेकिन, अरुणाचल जैसी घटनाएं भरोसे को कम करने वाली हैं। इसकी वजह से कूटनीतिक प्रयास कमजोर पड़ सकते हैं। प्रोटोकॉल का पालन – दोनों देशों के बीच बातचीत का निर्धारित मैकेनिज्म है और मुद्दों को सुलझाने का पहले से तय प्रोटोकॉल। यह कोशिश होनी चाहिए कि मामला आगे न बढ़े।

विद्यार्थियों की राह मे रोडा भरभडियाँ में विद्यार्थियों के मार्ग में दुर्घटना को निमंत्रण देता सडक किनारे बना खुला नाला l

भारी आवाजाही वाले मार्ग पर पाँच साल बाद भी सडक किनारे बना नाला खुला ओर अधुरा

गांव भरभड़िया में पुराने बस स्टैंड समीप स्थित शासकीय स्कूल की ओर जाने वाले (शमशान से पुराने बस स्टेंड की ओर) मार्ग के किनारे बना खुला नाला विद्यार्थियों, ग्रामीणों और अन्य राहगीरों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। लगभग 4 फीट चौड़े और 4 फीट गहरे इस खुले नाले के पास से प्रतिदिन स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों और राहगीरों का आवागमन होता है।

स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सड़क संबंधी जानकारी के अनुसार, नाले से सटी सड़क के निर्माण के लिए 7 लाख 26 हजार की राशि स्वीकृत थी। यह कार्य 15वें वित्त एवं मनरेगा योजना के तहत कराया गया था। सड़क का कार्य अक्टूबर 2021 में पूर्ण हुआ अब सवाल उठता है की यदि सड़क निर्माण हुऐ लगभग पांच वर्ष बीत गये वही यह नाला पक्की सड़क से पहले बना हुआ है इसके बावजूद सड़क के किनारे स्थित नाला खुला पड़ा होना स्वयं में एक बड़ाप्रश्न खडा करता है। विशेषकर



स्कूल आने–जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह स्थिति चिंता का विषय बनती है।क्या पंचायत के पास नाले को सुरक्षित करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है? नाले के किनारे सुरक्षा दीवार,प्री–कास्ट दीवार, मजबूत फेंसिंग, बैरिकेडिंग अथवा अन्य सुरक्षा उपाय किए जा सकते हैं।

बरसात के दौरान नाले में पानी का बहाव बढ़ने पर खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में स्कूली बच्चों के ग्रामीणों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग एवं ग्राम पंचायत से आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा है।

सवाल – सड़क वर्ष 2021 में बनकर तैयार हो गई, लेकिन सड़क से सटा खुला नाला आज भी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजार क्यों कर रहा है?

क्या किसी दुर्घटना का इंतजार ?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सड़क का निर्माण वर्ष 2021 में पूर्ण हो चुका था, तो सड़क से सटे इस खुले नाले की सुरक्षा के लिए अब तक स्थायी व्यवस्था क्यों नही की गई क्या पंचायत के पास नाले को सुरक्षित करने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही है? नाले के किनारे सुरक्षा दीवार, प्री-कास्ट दीवार, मजबूत फेंसिंग, बैरिकेडिंग अथवा अन्य सुरक्षा उपाय किए जा सकते हैं।

मुंबई में जैश-ए-मोहम्मद से जुडा संदिग्ध गिरफ्तार -मोबाइल से मसूद अजहर की आडियॉ क्लिप मिली

आरोपी मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर बिहार का रहने था रैपिडो ड्राइवर था।

मुंबई एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ने माहिम इलाके से 33 साल के मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर को गिरफ्तार किया है। उस पर आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े होने का आरोप है। आरोपी बिहार का रहने वाला है और मुंबई में रैपिडो ड्राइवर था। एंटी टेररिस्ट स्क्वाड के मुताबिक, आरोपी के मोबाइल फोन की जांच में भड़काऊ पोस्ट और जैश–ए–मोहम्मद सरगना मसूद अजहर की ऑडियो क्लिप मिली हैं। जांच एजेंसी उसके सोशल मीडिया अकाउंट और एक टेलीग्राम ग्रुप से जुडी गतिविधियों की भी जांच कर रही है। सोशल मीडिया और टेलीग्राम ग्रुप से मिला सुरागअधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की सोशल मीडिया गतिविधियों और एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े सुरागों के आधार पर मामला सामने आया। पुलिस का आरोप है कि वह सोशल मीडिया पर जैश–ए–मोहम्मद को बढ़ावा देने वाली सामग्री पोस्ट करता था। एंटी टेररिस्ट स्क्वाड यह भी पता लगा रही है कि आरोपी के पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संपर्क थे या नहीं। मामले की जांच मुंबई की कालाचौकी यूनिट कर रही है।

10 साल से मुंबई में रह रहा था आरोपी इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी बिहार का रहने वाला है और करीब 10 साल से मुंबई में रह रहा था।वह माहिम इलाके में बाबा फलूदा के पास परफ्यूम बेचता था। इसके अलावा, वह रैपिडो ड्राइवर के तौर पर भी काम करता था।

यूएन मे भारत ने कहा पाक अल्पसंख्यकों पर हमें नसीहत न दे ।

संयुक्त राष्ट्र (युएन) में गुरूवार को भारत और पाकिस्तान के बीच धार्मिक आजादी और मानवाधिकारों को लेकर तीखी बहस हुई। भारत ने पाकिस्तान पर अपने धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा नहीं करने का आरोप लगाया।

भारतीय राजनयिक भाविका मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या घट रही है और उनके अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो देश अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा नहीं कर सकता, उसे भारत को नसीहत देने का कोई हक नहीं है।

इसके पहले पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि जम्मू–कश्मीर में लोग फर्जी मुठभेड़ों में मारे जा रहे हैं। उन्हें सम्मान के साथ दफनाने का हक भी नहीं दिया जाता।

बांग्लादेश की जेलों मे 238 भारतीय कैदी जिनमे से 168 सजा पुरी होने पर भी बंद ।



बांग्लादेश की जेलों में 238 भारतीय कैदी बंद हैं। इनमें 168 ऐसे हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन वे अब तक भारत नहीं लौट पाए हैं। इनमें से कई कैदियों की भारतीय नागरिकता साबित नहीं हुई है।

बांग्लादेश सरकार ने करीब 120 कैदियों की सूची भारत को भेजी और कहा कि ये लोग भारतीय हैं। लेकिन भारतीय हाई कमीशन के मुताबिक, सूची में ज्यादातर कैदियों की जानकारी अधूरी है। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, वहां 15 देशों के कम से कम 407 विदेशी कैदी बंद हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय हैं। हालांकि, ढाका में भारतीय हाई कमीशन के एक अधिकारी ने अखबार को बताया कि अब तक सिर्फ 25 ऐसे भारतीय कैदियों की पहचान हो पाई है, जो सजा पूरी होने के बाद भी जेल में बंद हैं।

जिन कैदियों की जानकारी अधूरी है भारतीय हाई कमीशन ने उनसे मिलने की अनुमति मांगी है। अधिकारी के मुताबिक, अब बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

नीमच चने के खेत में निकला सात फिट लंबा अजगर

नीमच के पीपलोन ग्राम में शनिवार को एक किसान के खेत में 7 फीट लंबा अजगर दिखा। मोके पर वन विभाग की टीम पहुंची व बडी मशक्कत के बाद 14 किलो वजनी अजगर को पकड़ा जिसे बाद में जंगल में छोड़ दिया गया।

किसान ने वन विभाग को दी सूचना – ग्राम पीपलोन निवासी राजू पिता गंगारामजी को शनिवार को अपने खेत में अजगर दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना उपवनमंडलाधिकारी कुलदीप सिंह ठाकुर को दी।

वन परिक्षेत्राधिकारी मनासा धर्मेंद्र मईडा के निर्देश पर रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया

जलवायु संकट के लिए युरोप जिम्मेदार -पीयुष गोयल



गुरुवार को जलवायु संकट के लिए यूरोप को बड़ा जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17: आबादी है लेकिन कार्बन उत्सर्ज में योगदान 3 प्रतिशत से भी कम है। गोयल ने जर्मनी में बर्लिन ग्लोबल डायलॉग कार्यक्रम में कहा कि भारत की तुलना में यूरोप का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन 7 से 8 गुना ज्यादा है। गोयल ने कहा – इस पूरी गड़बड़ी के लिए सबसे पहले कौन जिम्मेदार है? ओजोन परत को नुकसान कहां से पहुंचा? किसने वातावरण में इतना सारा कार्बन छोड़ा ? मंत्री ने कहा कि भारत को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी अपनी जिम्मेदारियां निभाने के साथ 1.4 अरब लोगों की जरूरतें भी पूरी करनी हैं। आर्थिक मदद का वादा, लेकिन 11 साल बाद भी कुछ नहीं मिला गोयल ने कहा कि जलवायु संकट से निपटने की जिम्मेदारी उन देशों की ज्यादा होनी चाहिए, जिन्होंने दशकों तक प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करके आर्थिक विकास किया और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया।

दिल्ली के स्कुल में 12 वी की छात्रा की मौत

आत्म हत्या की आशंका

घटना के बाद स्कूल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित सर्वोदय बाल बालिका विद्यालय में शनिवार दोपहर 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव मिला। छात्रा की उम्र करीब 18 साल है। पुलिस ने बताया कि पीसीआर कॉल के जरिए स्कूल में आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। वहां स्कूल के गार्ड रूम के पीछे छात्रा जली हुई हालत में मिली। पास में उसका स्कूल बैग भी था, जिससे तीन लेटर बरामद हुए हैं। पुलिस को आत्महत्या की आशंका है।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/



(1)

गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/



(2)

होम पेज पर केटेगिरी मे जाए



(3)

ई-पेपर केटेगिरी चुने



(4)

समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

